C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

(1)

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 309 | बिजौलिया - मंगलवार, 19 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## जैसलमेर बनेगा देश का सबसे बड़ा ग्रीन एनर्जी हब, UAE लगाएगा 3 लाख करोड़ का निवेश

**भीलवाड़ा फोकस @ जैसलमेर।**



पश्चिमी राजस्थान का सीमावर्ती जैसलमेर जिला अब देश के सबसे बड़े ग्रीन एनर्जी हब के रूप में विकसित होने जा रहा है। भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे घोटारू क्षेत्र में 60 गीगावाट क्षमता का विशाल सोलर, विंड और हाइब्रिड ऊर्जा प्रोजेक्ट स्थापित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में संयुक्त अरब अमीरात (श्व) सरकार करीब 3 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अबू धाबी यात्रा के बाद इस प्रोजेक्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है।

करीब 1.50 लाख हेक्टेयर यानी लगभग 3.7 लाख एकड़ भूमि पर विकसित होने वाला यह प्रोजेक्ट राजस्थान ही नहीं, बल्कि देश के ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव लाने वाला माना जा रहा है। परियोजना से तैयार होने वाली बिजली लगभग 4 करोड़ घरों की जरूरत पूरी करने में सक्षम होगी। साथ ही पश्चिमी राजस्थान में बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

परियोजना के तहत घोटारू क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सोलर प्लांट, विंड मिल और हाइब्रिड ऊर्जा इकाइयां स्थापित की जाएंगी। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम की ओर से परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए करीब 600 करोड़ रुपए की सुरक्षा राशि मांगी गई है। इसकी प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और सीमावर्ती इलाके में प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

इस ऐतिहासिक निवेश समझौते पर दिसंबर 2024 में जयपुर में आयोजित 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024' के प्री-इवेंट के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में हुए इस एमओयू पर श्व के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवाइदी और राजस्थान के उद्योग सचिव अजीताभ शर्मा ने आधिकारिक हस्ताक्षर किए थे।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महीने हुई अबू धाबी यात्रा के दौरान दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व ने इस क्लीन एनर्जी प्रोजेक्ट को फास्ट-ट्रैक पर डालते हुए अंतिम मंजूरी दी। खास बात यह है कि सामान्यतः विदेशी निवेश निजी कंपनियों के जरिए आता है, लेकिन इस परियोजना में श्व सरकार सीधे अपने सरकारी फंड से निवेश करेगी। अब श्व की ओर से जल्द ही डेवलपर नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

वर्तमान में जैसलमेर जिले में सोलर और विंड ऊर्जा से करीब 11 से 12 गीगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है, जिसमें 7 से 8 गीगावाट सौर ऊर्जा और करीब 4 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। नई परियोजना के बाद जैसलमेर देश के सबसे बड़े अक्षय ऊर्जा केंद्र के रूप में उभरेगा।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2030 तक देश में 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। इसमें राजस्थान को अकेले 250 गीगावाट सोलर क्षमता विकसित करनी होगी। ऐसे में श्व के साथ हुई यह रणनीतिक साझेदारी राष्ट्रीय ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगी।

## असामाजिक तत्वों द्वारा प्राचीन देव प्रतिमा खंडित करने पर फूटा जन आक्रोश, तेली समाज और विहिप ने दी आंदोलन की चेतावनी





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

शहर के प्रतापनगर स्कूल परिसर स्थित करीब 100 वर्ष पुरानी जुझार जी महाराज की प्राचीन मूर्ति को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किए जाने का सनसनीखेज मामला सोमवार को सामने आया। घटना के बाद स्थानीय तेली समाज, विश्व हिंदू परिषद (विहिप), बजरंग दल और आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही प्रतापनगर थाना प्रभारी सुनील ताड़ा मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। मामला प्रतापनगर थाना क्षेत्र स्थित प्रतापनगर स्कूल ग्राउंड का है। स्कूल परिसर के रनिंग ट्रैक के पास वर्षों पुराना चबूतरा बना हुआ है, जहां तेली समाज के गुटकणिया परिवार सहित स्थानीय लोग श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार खेल मैदान होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में खिलाड़ी और युवा आते हैं तथा अपनी खेल सामग्री भी चबूतरे के पास रखते हैं। इसी स्थान को निशाना बनाते हुए असामाजिक तत्वों ने मूर्ति पर किसी भारी हथौड़े या धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे मूर्ति चार टुकड़ों में टूट गई।

सुबह घटना की जानकारी फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। तेली समाज के युवाओं के साथ विहिप के महानगर सह मंत्री सुशील सुवालका, कमल राजपुरोहित, प्रमोद शर्मा और राज सालवी सहित कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। वहीं विहिप और बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए विहिप के भीलवाड़ा महानगर सह-मंत्री सुशील सुवालका ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व लगातार भीलवाड़ा शहर की शांत फिजा में जहर घोलकर भाईचारे और माहौल को खराब करने की घिनौनी कोशिशें कर रहे हैं। ऐसी ताकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जल्द से जल्द दोषियों को बेनकाब कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं।

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रतापनगर थाना प्रभारी सुनील ताड़ा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले को शांत कराने और मामला सुलझाने के लिए समझाइश के प्रयास शुरू किए। थाना प्रभारी सुनील ताड़ा ने बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का मौका-मुआयना किया है। असामाजिक तत्वों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई है ।

## बिजोलिया में भूमाफियाओं का बोलबाला! सरकारी जमीनों पर बढ़ रहे कब्जे

### अवैध खनन, फर्जी लीज और प्रशासनिक चुप्पी पर उठे सवाल; 'छोटों पर कार्रवाई, बड़े बचाए जा रहे '

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले का बिजोलिया क्षेत्र इन दिनों सरकारी भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण, अवैध खनन और प्रशासनिक निष्क्रियता को लेकर चर्चाओं के केंद्र में है। लक्ष्मी खेड़ा पटवार हल्के सहित कई इलाकों में हजारों बीघा सरकारी जमीन पर कब्जों के आरोप सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को पूरी जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित है, जबकि मौके पर भूमाफियाओं और प्रभावशाली लोगों का कब्जा लगातार बढ़ता जा रहा है।

**बाउंड्रीवाल से शुरू हुआ खेल, अब स्थायी निर्माण तक पहुंचे कब्जे**

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से सरकारी भूमि पर धीरे-धीरे कब्जों का नेटवर्क मजबूत होता गया। पहले अस्थायी बाउंड्रीवाल बनाई गई, फिर टीनशेड खड़े किए गए और अब सरकारी भूमियों पर कई स्थानों पर स्थायी निर्माण तक हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि राजस्व विभाग की लापरवाही और निगरानी की कमी ने अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद कर दिए हैं।

**'बिलानाम' भूमि पर चल रही खनन लीजें!**

सबसे गंभीर मामला उपखंड क्षेत्र की उस भूमि से जुड़ा बताया जा रहा है जिसे करीब 20 वर्ष पूर्व उपखंड अधिकारी न्यायालय द्वारा खातेदारी से 'बिलानाम' घोषित किया गया था। आरोप है कि उसी भूमि पर वर्तमान में करीब 25-25 बीघा की लगभग कई संचालित हो रही हैं और बड़े स्तर पर अवैध खनन जारी है। स्थानीय लोगों का दावा है कि संबंधित भूमि आज भी राजस्व रिकॉर्ड में बिलानाम दर्ज है, इसके बावजूद वहां गतिविधियां खुलेआम जारी हैं।

**राजस्व अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा खेल संभव नहीं हो सकता। जानकारी के अनुसार पटवारी से लेकर गिरदावर और तहसील स्तर तक संरक्षण मिलने के कारण सरकारी भूमि पर कब्जे और अवैध खनन दोनों लगातार फल-फूल रहे हैं।



**'छोटों पर सख्ती, बड़े कब्जाधारी सुरक्षित '**

क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रशासन छोटे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ तुरंत नोटिस जारी कर कार्रवाई करता है, लेकिन बड़े कब्जाधारियों और रसूखदारों के मामलों में चुप्पी साध ली जाती है। यही वजह है कि अब लोगों के बीच यह सवाल उठने लगा है कि क्या प्रशासन प्रभावशाली लोगों के दबाव में काम कर रहा है।

**'शिकायती पुत्र' की भी चर्चा**

नगर में इन दिनों एक तथाकथित 'शिकायती पुत्र' की चर्चा भी जोरों पर है। आरोप है कि संबंधित व्यक्ति सरकारी दफ्तरों में बैठकर चुनिंदा लोगों के खिलाफ शिकायतें करवाता है और अधिकारियों से सूचनाएं जुटाकर दबाव की राजनीति करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों का इस्तेमाल निष्पक्ष कार्रवाई के बजाय व्यक्तिगत टारगेटिंग के लिए किया जा रहा है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रशासन अतिक्रमण हटाने के दावे जरूर करता है, लेकिन जमीन पर हालात इसके विपरीत नजर आ रहे हैं। बेदखली आदेश जारी होते हैं, मगर सरकारी भूमि पर कब्जे लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

**जनता की प्रमुख मांगें**

सरकारी भूमि का निष्पक्ष सर्वे कराया जाए

सभी कब्जाधारियों की सूची सार्वजनिक की जाए

अवैध खनन और फर्जी लीजों की उच्चस्तरीय जांच हो

पटवारी, गिरदावर और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाए

छोटे-बड़े सभी अतिक्रमणकारियों पर समान कार्रवाई हो

## 60 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, ट्रक से 65 हजार से ज्यादा पव्वे बरामद



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

**गर्वित ।** प्रदेश में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग को बड़ी सफलता मिली है। कोटा में नेशनल हाईवे-52 पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से करीब 60 लाख रुपए मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब की खेप बरामद की गई। ट्रक में टाट की बोरियों के नीचे छिपाकर शराब ले जाई जा रही थी। विभाग की इस कार्रवाई को प्रदेश में अन्य राज्यों से हो रही शराब तस्करी पर बड़ी चोट माना जा रहा है।आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत नया टोल प्लाजा गोपालपुरा के पास नाकाबंदी की गई थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एक संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक में छिपाकर रखे गए अंग्रेजी शराब के कार्टन बरामद हुए।

अतिरिक्त आयुक्त कोटा जोन नरेश कुमार मालव ने बताया कि ट्रक से 'फोर सेल इन चंडीगढ़' मार्का शराब की बड़ी खेप बरामद की गई। इसमें राजस्थानी व्हिस्की के 1360 कार्टन में कुल 65 हजार 280 पव्वे मिले हैं। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी बारां देवेन्द्र गिरी, जिला आबकारी अधिकारी कोटा विवेक शर्मा तथा सहायक आबकारी अधिकारी नारायण सिंह तोमर के नेतृत्व में की गई। अभियान में आबकारी निरीक्षक चेतन, प्रदीप मीणा, पीओ प्रमोद सिंह, हंसराज मीणा, पृथ्वीराज सिंह मीणा सहित अन्य अधिकारी और जाप्ता शामिल रहा।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने प्रदेशभर में अवैध शराब की तस्करी, निर्माण और बिक्री के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में अवैध मदिरा के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है, वहां विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही अधिकारियों को सजगता से कार्रवाई करने तथा लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## कम पेट्रोल देने की शिकायतों पर कार्रवाई, विरोध में दो घंटे बंद रहे पेट्रोल पंप

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिले में पेट्रोल पंपों पर कम पेट्रोल-डीजल दिए जाने की शिकायतों के बाद प्रशासन की कार्रवाई से पेट्रोल पंप संचालकों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान निर्धारित मात्रा से कम ईंधन दिए जाने की पुष्टि होने पर कई पंपों के नोजल सील किए गए। कार्रवाई के विरोध में सोमवार सुबह जिले के अधिकांश पेट्रोल पंप सुबह 9 बजे से 11 बजे तक बंद रहे। अचानक पंप बंद होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा और कई स्थानों पर लंबी कतारें लग गईं। हालांकि एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए ईंधन उपलब्ध कराया गया।

पेट्रोलियम डीलर सोसाइटी के बैनर तले संचालकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को ज्ञापन सौंपते हुए जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए। प्रतिनिधिमंडल ने एडिशनल एसपी पारस जैन से भी मुलाकात की।

सोसाइटी अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने कहा कि निरीक्षण के दौरान कार्रवाई का तरीका अव्यवस्थित रहा, जिससे डीलरों की छवि प्रभावित हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ बड़ी औद्योगिक इकाइयां शहर और हाईवे के पेट्रोल पंपों से भारी मात्रा में डीजल भरवा रही हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। इधर पेट्रोलियम डीलर सोसाइटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाओ अभियान के समर्थन में जिलेभर में रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक पेट्रोल पंप बंद रखने का निर्णय लिया है। जिले में करीब 220 पेट्रोल पंप हैं, जिनमें से लगभग 10 कंपनी संचालित पंप खुले रहे, जबकि बाकी बंद रहे। ज्ञापन के दौरान एसोसिएशन सचिव अशोक मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष दिनेश भक्त, महेश सोनी, राजकुमार ओझा, ईश्वर खोईवाल, गौतम, यशवंत यादव, कान सिंह खारड़ा, लोकेश सुवालका सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

C M Y K

## घटिया नाला निर्माण और पेयजल संकट पर फूटा लोगों का गुस्सा,कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

नगर निगम द्वारा वार्ड संख्या 24, 25 और 27 में करवाए गए नाला निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और क्षेत्र में गहराते पेयजल संकट को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी (कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ) ने आक्रोश जताया है। प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एडवोकेट कन्हैया लाल रेगर के नेतृत्व में सोमवार को जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त करने की मांग की गई है।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा इन वार्डों में बरसाती पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण करवाया गया था। आरोप है कि निर्माण कार्य में अत्यधिक घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और नाले की गहराई भी तय मानकों से कम रखी गई। इसके चलते नाले की दीवारें क्षतिग्रस्त होकर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच चुकी हैं। ज्ञापन में शिकायत की गई है कि नियमित सफाई न होने के कारण पूरे नाले में पेड़-पौधे उग आए हैं, जिससे पानी का बहाव पूरी तरह बंद हो चुका है। मोहल्ले की छोटी नालियों की सफाई भी ठप पड़ी है, जिन्हें कचरे से बंद कर दिया गया है। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि नालियों का गंदा पानी और कीड़े अब लोगों के घरों के भीतर आने लगे हैं, जिससे स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है।

सफाई के अभाव में क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे गंभीर बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। इसके साथ ही, नाले के निर्माण में खामियों के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और रोड क्रॉसिंग नाले टूट चुके हैं। इन खुले और टूटे नालों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय छोटे बच्चों, मिनी बसों और ऑटो रिक्शा के लिए यह मार्ग अत्यंत खतरनाक बन चुका है, और कई वाहन चालक यहां पलटकर चोटिल हो चुके हैं।

## बजरी माफियाओं को पुलिस लोकेशन देने वालों पर शिकंजा, युवक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**



अवैध बजरी खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों को पुलिस की लोकेशन उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ थाना पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आयुष सेन पुत्र नारायण लाल सेन (23) निवासी जितिया माफी थाना बड़लियास को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार अवैध बजरी खनन एवं परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। साथ ही पुलिस की लोकेशन साझा करने वाले सोशल मीडिया ग्रुपों और संदिग्ध गतिविधियों पर भी लगातार नजर रखी जा रही है।

पुलिस ने बताया कि अवैध बजरी माफियाओं की मदद करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कानून तोड़ने वालों के साथ-साथ उन्हें सहयोग करने वाले लोग भी पुलिस की रडार पर हैं।

## अवैध मिट्टी दोहन पर कार्रवाई, पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली डिटेन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**



**सांवर वैष्णव ।** बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध मिट्टी दोहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को डिटेन कर थाने में खड़ा कराया।

थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि आकोला गांव के ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से मिट्टी दोहन की शिकायत मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इसके बाद पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को डिटेन कर थाने लाया गया तथा मामले की सूचना माइनिंग विभाग को भी दी गई।

पुलिस द्वारा अवैध खनन गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## गंगापुर में एसडीएम विवेक गुर्जर ने संभाला कार्यभार



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

**( दिनेश लक्षकार)** नवनियुक्त उपखण्ड अधिकारी विवेक गुर्जर ने सोमवार को अपना कार्यभार विधिवत रूप से भगवान की पूजा अर्चना कर ग्रहण किया। एसडीएम गुर्जर सिमलवाड़ा से स्थानांतरित होकर गंगापुर आएं हैं। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान उपखण्ड कार्यालय के कार्मिकों एवं संयुक्त व्यापार मंडल द्वारा साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।पदभार ग्रहण करने के दौरान एसडीएम गुर्जर ने कहा कि क्षेत्रवासियों की जनसमस्याओं का प्राथमिककता से निस्तारण करना लक्ष्य रहेगा साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास रहेगा।इस दौरान संयुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय रुईया,जगदीश प्रसाद झंवर, सुरेशचंद्र सिंघवी,विष्णु कुमार लढ़ा,राकेश पिछौलिया,हरक लाल सोनी,महावीर अग्रवाल, सिकंदर मोहम्मद,सुदीप पिछौलिया,तुषार अग्रवाल ,यूसुफ मोहम्मद आदि मौजूद थे।

# सार्वजनिक जगहों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध पेनल्टी लगाये- जिला कलेक्टर

### गर्मी के मौसम एवं जनहित व्यवस्थाओं को लेकर जिला कलेक्टर ने ली महत्वपूर्ण विभागीय बैठक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आमजन को राहत एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में जिला कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से गर्मी के मौसम में लू एवं अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु की गई तैयारियों की जानकारी ली।उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाईयां सहित आवश्यक संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें तथा चिकित्सा दल हर समय मुस्तैद रहे ताकि आमजन को त्वरित चिकित्सा सुविधा मिल सके।

उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को सार्वजनिक स्थलों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा बारिश से पूर्व नालों एवं नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए, साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध पेनल्टी की कार्रवाई करने को कहा।जिला कलेक्टर संधू ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग के अधिकारियों को झूलते तारों एवं विद्युत लाइनों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आग लगने अथवा विद्युत संबंधी अन्य शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि किसी प्रकार की जनहानि अथवा दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो।

बैठक में नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी, सीएमएचओ डॉ संजीव शर्मा, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता धनपत राज सोनी सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# बीगोद के पास कार-पिकअप की भिड़ंत, 10 घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

भीलवाड़ा-लाडपुरा हाईवे पर सोमवार को इच्छामणी होटल के पास कार और पिकअप की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें 10 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा की ओर से आ रही एक कार ओवरटेक करते समय सामने से आ रही पिकअप से टकरा गई। दुर्घटना में घायल लोगों को तुरंत सामुदायिक चिकित्सालय बीगोद पहुंचाया गया।

चिकित्सकों ने गंभीर घायल पूजा वैष्णव (22), प्रेम देवी (60), लाली देवी (55), अपूर्वा बैरागी (16) निवासी होलिरड़ा तथा पारस जैन निवासी महुआ को प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर किया। वहीं लहरी देवी, जगदीश बैरागी, अनसुरिया बैरागी, प्रहलाद बैरागी, खुशी लोहार एवं कोमल गाडरी का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलने पर बीगोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जानकारी जुटाई।

# वाहन चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुलिस थाना भीमगंज ने वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी श्याम लाल गुर्जर को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस ने थाना प्रभारी सुनिल चौधरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया ।

पुलिस ने बताया की संजय जैन, जो महात्मा गांधी अस्पताल में कार्यरत हैं, ने रिपोर्ट दी कि 16 जुलाई को सुबह अस्पताल परिसर में खड़ी उसकी बाइक दोपहर तक गायब हो गई। रिपोर्ट पर थाना भीमगंज में द्व मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने अस्पताल परिसर और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र की सहायता से संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच की। इसी दौरान बिना नंबर की संदिग्ध बाइक के साथ श्याम लाल गुर्जर निवासी बैरा थाना बागौर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जांच में मोटरसाइकिल चोरी की होना पाया गया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पूछताछ में आरोपी ने मोटरसाइकिल सत्यनारायण उर्फ विक्रमसिंह निवासी भादू थाना मांडल से खरीदना बताया।

पुलिस ने बताया कि सत्यनारायण उर्फ विक्रमसिंह को पूर्व में भी वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

# कंटेनर में छिपाकर ले जाई जा रही 249 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

आसीन्द थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कंटेनर ट्रक से करीब 21 लाख रुपए कीमत की 249 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। तस्कर कंटेनर में सामान की आड़ लेकर चंडीगढ़ निर्मित शराब की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी के नेतृत्व में अंजाम दी । पुलिस ने बताया की 17 मई की रात थाना आसीन्द का गश्ती दल नेशनल हाईवे-148डी पर गश्त कर रहा था। इस दौरान एक संदिग्ध जीजे पासिंग कंटेनर ट्रक को रुकवाने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन को तेज गति से भीम की ओर भगाकर ले गया। सूचना पर थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी मय जाब्ते के मौके पर पहुंचीं और घेराबंदी शुरू की गई।

पुलिस दबाव बढ़ता देख चालक बामणी चौराहे के पास कंटेनर सड़क किनारे खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक कंटेनर की तलाशी ली तो उसमें 249 पेटी चंडीगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब मिली। बरामद शराब की अनुमानित बाजार कीमत करीब 21 लाख रुपए बताई गई है।

पुलिस ने शराब और तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर ट्रक को जब्त कर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डेढ़ किलो से अधिक अफीम सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुलिस थाना कोटड़ी ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.561 किलोग्राम अफीम बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की है।

थाना प्रभारी महावीर प्रसाद ने बताया की 17 मई को थाना कोटड़ी की विशेष टीम ने सवाईपुर मार्ग पर संदिग्ध बाइक को रोककर जांच की। तलाशी के दौरान बाइक के चेंबर में छिपाकर रखी गई 1.561 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।

मौके से शम्भु गुर्जर (40) एवं सोपाल गुर्जर (41) निवासी बखतुनी थाना मनासा जिला नीमच (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया।

पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अफीम मध्यप्रदेश निवासी निर्मल कुमार खाती से खरीदना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने फरार चल रहे सप्लायर निर्मल कुमार खाती (34) निवासी कन्जार्डा थाना मनासा जिला नीमच को दबिश देकर गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी निर्मल कुमार खाती से अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ जारी है तथा मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत जांच की जा रही है।



QUICK BITES

## चारधाम यात्रा की ऑनलाइन बुकिंग में सावधानी बरतें, अधिकृत प्लेटफॉर्म का ही करें उपयोग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




चारधाम यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर बुकिंग, होटल आरक्षण एवं टूर पैकेज के नाम पर बढ़ती साइबर ठगी को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सतर्क रहने की अपील की है।

पुलिस महानिरीक्षक अंशुमन भोमिया ने बताया कि कई लोग गूगल सर्च या सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली फर्जी वेबसाइटों और लिंक के जरिए ठगी का शिकार हो रहे हैं। साइबर अपराधी हेलीकॉप्टर टिकट एवं यात्रा पैकेज के नाम पर लोगों से ऑनलाइन भुगतान करवाकर धोखाधड़ी कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा हेलीकॉप्टर बुकिंग एवं यात्रा संबंधी सुविधाओं के लिए अधिकृत प्लेटफॉर्म जारी किए गए हैं। साथ ही तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए आधिकारिक माध्यमों से पंजीकरण एवं जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि चारधाम यात्रा से जुड़ी किसी भी प्रकार की बुकिंग केवल अधिकृत माध्यमों से ही करें तथा किसी भी अनजान लिंक, वेबसाइट या सोशल मीडिया विज्ञापन पर भरोसा न करें।

## महायज्ञ की भभूती त्रिवेणी में विसर्जित, हरिद्वार के लिए दल रवाना

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।



कस्बे में 30 अप्रैल से 8 मई तक आयोजित 5 कुंडीय विष्णु महायज्ञ की भभूती सोमवार को श्रद्धापूर्वक त्रिवेणी संगम में विसर्जित की गई। इस दौरान कस्बेवासी एवं श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ त्रिवेणी पहुंचे।

ग्रामीणों ने बताया कि पंडित दिनेश खंडेलवाल के सानिध्य में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर यज्ञ की भभूती को त्रिवेणी संगम में प्रवाहित किया गया। इसके बाद भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

वहीं सोमवार शाम को ग्रामीणों का एक दल हरिद्वार के लिए रवाना हुआ, जहां गंगा नदी में भी यज्ञ की भभूती का विसर्जन किया जाएगा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# 'सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा' का शाहपुरा में 19 मई को होगा भव्य स्वागत, पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा व सिंधु सभा के तत्वावधान में होगा समारोह

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**

पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा द्वारा भारतीय सिंधु सभा एवं भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास के तत्वावधान में आयोजित 'सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा' के शाहपुरा आगमन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जयपुर से शुभारंभ हुई यह गौरव यात्रा 19 मई 2026 मंगलवार को सांय शाहपुरा पहुंचेगी, जहां समाजजन द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा के अध्यक्ष लीलाराम वासवानी, महासचिव नरेश लखपतानी, कोषाध्यक्ष अशोक थानवानी एवं सिंधु सभा अध्यक्ष चेतन चंचलानी ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य सिंधी संस्कृति, मातृभाषा, परंपराओं एवं समाज के महापुरुषों की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। इस दौरान सरकारी योजनाओं व जनगणना अभियान की भी जानकारी दी जायेगी।

कार्यक्रम के अनुसार सांय 6.30 बजे शाहपुरा सीमा पर यात्रा का पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण के साथ स्वागत किया जाएगा। इस दौरान युवाओं द्वारा बाइक रैली भी निकाली जाएगी। इसके पश्चात मुख्य कार्यक्रम संत कंवर राम धर्मशाला, पिवणिया तालाब की पाल, शाहपुरा में आयोजित होगा।



कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, सिंधी वंदना एवं राष्ट्रगान, अतिथियों का स्वागत, सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश, समाज के वरिष्ठजनों के उद्बोधन एवं बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ किया जाएगा।

पूज्य सिंधी पंचायत ने महिला मंडल, नवयुवक मंडल एवं समस्त समाजजनों से पारंपरिक सिंधी वेशभूषा में सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील की है। पंचायत पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की एकजुटता और संस्कृति के संरक्षण के लिए यह आयोजन महत्वपूर्ण अवसर है तथा सभी समाजबंधुओं की सहभागिता से कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जाएगा।

# पूर्व सदर हज यात्री ज़िक्रुद्दीन का किया अभिनंदन

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।

पुर स्थिति पठानों के जमात खाने में रविवार को हज की यात्रा पर जाने वाले अंजुमन कमेटी के पूर्व सदर ज़िक्रुद्दीन रंगरेज का आम मुसलमानों की ओर से अभिनंदन किया गया ।

ज़िक्रुद्दीन दंपति आगामी 20 मई बुधवार को मक्का मदीना की यात्रा के लिए नई दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ान भरेंगे भीलवाड़ा से उनकी विदाई यात्रा चेतक ट्रेन से मंगलवार को प्रारंभ होगी पठानों के जमात खाने में आयोजित उनके विदाई एवं अभिनंदन समारोह में




भीलवाड़ा शहर सहित अन्य कस्बों से भी बड़ी संख्या में लोग उन्हें विदाई देने के लिए पहुंचे ।

इस अवसर पर मसूदा के पूर्व विधायक हाजी कयूम खान, जयपुर से हाजी रफीक मोहम्मद, अजमेर से हाजी असलम मोहम्मद, हाजी फारूक मोहम्मद, हाजी सलीम मोहम्मद, मालपुरा से ललू जी पटेल, कांकरोली से हाजी कमरुद्दीन सहित मुस्लिम महापंचायत के महासचिव शहजाद खान, अंजुमन कमेटी के पूर्व सेक्रेटरी रफीक पठान, कौमी एक्शन कमेटी भीलवाड़ा के सचिव उमर नीलगर, इमामुद्दीन मंसूरी के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे ।

इस अवसर पर सभी ने जिकरुद्दीन दंपती को हज यात्रा की कामयाबी के लिए शुभकामनाएं दी ।

# खजीना संस्कृत विद्यालय में उपचारात्मक शिक्षण शिविर शुरू





भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

**जसवंत पारीक** । राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय खजीना में सोमवार से सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ नागौर के तत्वावधान में कक्षा 1 से 8 तक के कमजोर विद्यार्थियों के लिए उपचारात्मक शिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर 16 मई से 16 जून 2026 तक संचालित होगा।

शिविर में विद्यार्थियों को सीखने में सहायता प्रदान करने के साथ ही स्मार्ट डिजिटल बोर्ड के माध्यम से अध्ययन कराया जाएगा तथा रोजाना विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रधान भवानी शंकर शर्मा, बाबूलाल कुमावत, प्रेमचंद शर्मा एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा किया गया। शिविर का संचालन हरिलाल जोशी करेंगे।

भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षण का समय प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं समाज सेवा शिविर के तहत छात्राओं ने विद्यालय परिसर में पेड़-पौधों को पानी पिलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

# क्षत्रिय कुमावत समाज धानेश्वर चौखला की विशाल आमसभा संपन्न, शिक्षा व सामाजिक एकता पर दिया जोर

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।

**परमेश्वर** । क्षत्रिय कुमावत समाज धानेश्वर चौखला की विशाल आमसभा का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। सभा में टोंक, भीलवाड़ा एवं अजमेर जिलों के 156 गांवों से पहुंचे समाजबंधुओं ने भाग लेकर समाज के विकास, शिक्षा, संगठन एवं सामाजिक एकता पर विचार व्यक्त किए। महामंत्री एडवोकेट शिवराज ओस्तवाल ने बताया कि सभा के दौरान कोषाध्यक्ष रामप्रसाद मेरावडिंया ने समिति का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि समिति के पास वर्तमान में 6 लाख 83 हजार रुपये की राशि शेष है।

सभा में विभिन्न तहसीलों के उपाध्यक्षों का सर्वसम्मति से निर्वाचन किया



गया। शाहपुरा तहसील से छोटूलाल जलाधंरा, फूलियाकलां से राजेंद्र देवतवाल, बनेड़ा से मदन खटोड़, केकड़ी से गोविंद जाखड़, सरवाड़-मालपुरा से ओमप्रकाश कांकर, देवली से सुगनचंद कांकर, भिनाय से रामकिशन दौबलदिया तथा सांवर तहसील से रामदेव भासोंदा को उपाध्यक्ष चुना गया। टोडारायसिंह-दूनी तहसील का पद रिक्त रखा गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को भगवान श्री सत्यनारायण को साक्षी मानकर समाज सेवा एवं समर्पण की शपथ दिलाई गई।

सभा में अनुशासन समिति का गठन करते हुए पूर्व अध्यक्ष रामनारायण भदाणियां, तेजमल जाखड़ एवं ब्रजमोहन देवतवाल को सदस्य नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद् डॉ. ओमप्रकाश मांडेला ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अनावश्यक खर्चों को कम कर बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने लड़के और लड़कियों को समान अवसर देकर शिक्षित करने का आह्वान करते हुए कहा कि 'शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पिएगा वह दहाड़ेगा।' समाज अध्यक्ष सत्यनारायण कांकर ने युवाओं से नशे और सट्टे जैसी बुराइयों से दूर रहकर समाज निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।

# श्री बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मासिक बैठक आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।

स्थानीय रिसोर्ट में श्री बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मासिक बैठक आयोजित हुई। अध्यक्ष सुरेंद्र छाबड़ा ने बताया कि सुबह 10 बजे सोसाइटी के सभी सदस्यगण श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर शास्त्री नगर पहुंचकर भक्तांबर स्त्रोत आराधना अखंड पाठ में शामिल होकर 11 बजे तक भक्तामर का पाठ किया। इस उपरांत रिसोर्ट में सोसाइटी की मासिक मीटिंग आयोजित हुई। उसमें गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान मनोरंजन कार्यक्रम में सदस्यों ने आनंद लिया। सचिव राजकुमार चौधरी ने आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर हीराचंद चांदीवाल, प्रदीप चौधरी, वीरेंद्र छाबड़ा, विनय कोठारी, लक्ष्मीकांत जैन, एन.सी. जैन, प्रकाश पाटनी, जयकुमार कोठारी, राकेश पाटनी ,राजेंद्र जैन, राजेंद्र सेठी, पूनम चंद सेठी,कैलाश पाटनी, विजय पंचोली, राजेश बड़जात्या आदि सदस्यगण उपस्थित रहे ।

# हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में प्रवाहित हो रही धर्म की त्रिवेणी गंगा

## भक्ति,श्रद्धा ,विश्वास और समर्पण का संदेश देती है राम कथा- महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास महाराज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर परिसर में पुरुषोत्तम माह के दूसरे दिन विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ ही रामकथा करते हुए व्यास पीठ से हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास जी उदासीन ने कहा की भगवान की कथा हमें भक्ति, श्रद्धा, विश्वास और समर्पण का संदेश देती है। हरि शेवा धाम में सनातन परंपरा के अंतर्गत आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव में दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास हरिद्वार के हरिहर पुरुषोत्तम भागवत धाम के परमाध्यक्ष परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास जी उदासीन ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा एवं धर्म के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन के प्रयासों से भीलवाड़ा में पावन पुरूषोत्तम मास में धर्म की गंगा बह रही है जिससे आप सभी लाभान्वित हो रहे है।महामंडलेश्वर जगदीश दास उदासीन ने कहा कि श्रीराम का जीवन मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण ही मनुष्य को भवसागर पार लगा देता है। उन्होंने कहा कि ' राम कथा शशि किरण समाना, संत चकोर करे वही पाना ' अर्थात् श्रीराम के सूर्यवंश में अवतार लेने के बाद भी भी नाम श्रवण मात्र से चंद्रमा जैसी शीतलता प्राप्त होती है। आगे कहा कि कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और मानव मूल्यों को जागृत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसी दास जी कहते है कि अगर ज्ञान की दृष्टि से देखोगे तो साकार और निराकार में कोई भेद नहीं पाओगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि धर्म, संस्कृति, राष्ट्र और शास्त्रों के लिए एकजुट होकर पुनीत कार्य करो तो आने वाली पीढ़ियां याद रखेगी। सत्कर्मों के कारण ही आज हमारे देश का गौरव चहुंओर चमक रहा है। कथा के दौरान प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा हॉल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने कथा के साथ भजन-कीर्तन का आनंद लिया। व्यासपीठ पर रामायण जी की आरती में संत मायाराम जी, संत गोविन्द राम जी, चाँदमल सोमानी, रमेश मूंदड़ा सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

**वृंदावन की राधा माधव संकीर्तन मंडली से गूंज रहा हरि शेवा धाम**

**आठों पहर हो रहा अखंड राम नाम संकीर्तन**

पवित्र पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर हरि शेवा उदासीन आश्रम इन दिनों भक्ति और श्रद्धा के अद्भुत वातावरण से सराबोर हो उठा है। वृंदावन धाम से पधारी 16 सदस्यीय भजन गायकों की टोली अपनी मधुर भक्ति स्वर लहरियों से पूरे परिसर को राम मय बना रही है। प्रसिद्ध भजन गायक चेतन दास के नेतृत्व में आई राधा माधव संकीर्तन मंडली द्वारा निरंतर हरि नाम एवं राम नाम संकीर्तन किया जा रहा है, जिससे सम्पूर्ण




वातावरण भक्तिरस में डूब गया है। मंडली के सदस्य दिन-रात आठों पहर बारी-बारी से अखंड राम नाम संकीर्तन कर रहे हैं। 'श्रीराम जय राम जय जय राम' एवं 'हरे राम हरे कृष्ण' के पावन उच्चारण से हरिसेवा धाम का कोना-कोना गुंजायमान हो रहा है। संकीर्तन के दौरान श्रद्धालु भी भक्ति भाव से झूमते नजर आ रहे हैं तथा बड़ी संख्या में भक्तजन संकीर्तन में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कर रहे हैं।

पुरुषोत्तम मास में संकीर्तन और भजन का विशेष महत्व माना जाता है। इसी कड़ी में वृंदावन से आई राधा माधव संकीर्तन मंडली अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर रही है। मंडली के भजन, मृदंग, झांझ और करताल की धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। पुरुषोत्तम मास के दौरान प्रतिदिन धार्मिक आयोजन, संकीर्तन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वृंदावन की इस मंडली के आगमन से भक्तों को वृंदावन धाम जैसी दिव्य अनुभूति हो रही है।

**वैदिक मंत्रोचार एवं धार्मिक अनुष्ठान से भक्तिमय वातावरण**

हरि शेवा आश्रम में परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर धर्म, भक्ति और आध्यात्म की त्रिवेणी गंगा प्रवाहित हो रही है। यह आध्यात्मिक आयोजन पूरे पुरुषोत्तम मास तक निरंतर एवं अविरल रूप से चलता रहेगा। प्रतिदिन प्रातःकाल आचार्य पंडित रोशन शास्त्री एवं उप आचार्य पंडित सत्य नारायण शर्मा के मुखारविंद से वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्री विष्णु यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बन रहा है। इसके पश्चात सिद्धेश्वर महादेव का विधि - विधानपूर्वक रुद्राभिषेक संपन्न होता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित श्रीराम कथा में भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म एवं भक्ति के प्रसंगों का रसपान कराया जा रहा है। वहीं सायंकाल 7 बजे काशी की तर्ज पर बनारस के बीरु तिवारी एवं नरेंद्र पाठक द्वारा भव्य गंगा आरती का आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पूरे आयोजन के दौरान संतों के दर्शन, सत्संग एवं भजन-कीर्तन से हरि सेवा धाम का वातावरण पूर्णतः भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत दिखाई दे रहा है।

# ध्रुवकामंड देवनारायण मंदिर क्षेत्र के विकास को मिलेगी गति - कोठारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सांगानेर-आकोला रोड स्थित मंगरी पर भगवान देवनारायण की विश्राम स्थली एवं संतों की तपोभूमि श्री ध्रुव का मण्ड देवनारायण भगवान मंदिर परिसर में देवभक्तों का परिचय एवं स्नेहमिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल भगवान देवनारायण जी की जन्मस्थली मालासेरी से पधारे मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने की।

इस अवसर पर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने मंदिर क्षेत्र में चल रहे विकास



कार्यों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन एवं समाजसेवियों के समन्वय से मंदिर क्षेत्र के समग्र विकास को गति दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में गौशाला नाला निर्माण, इको टूरिज्म विकास, भूमि डिमार्केशन, योग एवं ध्यान कक्ष निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। साथ ही मंदिर के सामने यात्री विश्राम स्थल निर्माण हेतु अनुशंसा प्रदान करते हुए शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में मंदिर के मुख्य पुजारी बालूलाल सहित माधुलाल बलाई, अशोक कुमार , शंभू वैष्णव, गोपाल पारेता, कैलाश सुथार, लाला , भेरू , सोनू झवर, मुकेश शर्मा, कौशल , लोकेश , संजय , रौनक , शांति लाल , फूलचंद , आईदान , एवं छोटू लाल सहित समस्त देवभक्तों ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# कर्मचारी महासंघ ने आंदोलन का बिगुल फूंका, 25 से 30 मई तक कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों की लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेने से नाराज अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। सोमवार को जयपुर स्थित गवर्नमेंट प्रेस कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय महा बैठक में कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए आंदोलन की रणनीति बनाई गई।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि बैठक में




आरजीएचएस योजना को पूर्व की भांति प्रभावी रूप से संचालित रखने, सरेंडर लीव का भुगतान, पदोन्नति में अनुभव व सेवा अवधि में दो वर्ष की छूट, संविदाकर्मियों के नियमितीकरण सहित 25 सूत्रीय मांग पत्र पर चर्चा की गई।

महासंघ ने चेतावनी दी कि 19 मई को मुख्यमंत्री के नाम मुख्य सचिव को अंतिम चेतावनी ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद 20 मई से सभी जिलों में जिला कलेक्टरों एवं विभागाध्यक्षों के माध्यम से ज्ञापन भेजे जाएंगे। मांगों का समाधान नहीं होने पर 25 से 30 मई तक प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से 1:30 बजे तक कर्मचारी कार्य बहिष्कार करेंगे।

बैठक में प्रदेशभर से आए कर्मचारी नेताओं एवं जिला अध्यक्षों ने सरकार से कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की।

# नौगावां सांवरिया सेठ मंदिर में अन्नकूट लूट महोत्सव, ब्रज-नाथद्वारा जैसी दिखी छटा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नौगावां स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में पुरुषोत्तम मास महोत्सव के तहत सोमवार को आयोजित अन्नकूट लूट महोत्सव में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर में 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने ब्रज और नाथद्वारा जैसी अलौकिक छटा का अनुभव किया।

महोत्सव की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गौ पूजन और सांवरिया सेठ के पंचामृत अभिषेक से हुई। दूध, दही, घी, शहद, बूरा और गंगाजल से अभिषेक के



बाद ठाकुरजी को श्रीनाथजी की तर्ज पर जरी-कढ़ाईदार विशेष पोशाक धारण कराई गई, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

इसके बाद मूल भागवत पाठ, हवन एवं महाआरती का आयोजन हुआ। शाम को आयोजित अन्नकूट लूट महोत्सव मुख्य आकर्षण रहा, जहां विशाल थालों में सजाए गए चावल और अन्नकूट प्रसाद को ग्वालों एवं गोपियों ने पारंपरिक अंदाज में लूटा। यह दृश्य श्रद्धालुओं को द्वापर युग की ब्रज लीलाओं की याद दिलाता नजर आया।

महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं को अन्नकूट महाप्रसाद वितरित किया गया। भजन गायक सुरेश काबरा के भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। मंदिर की दानपेटी से 2 लाख 54 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई।

महोत्सव के मुख्य यजमान भंवरलाल दरगड़ परिवार रहे, जबकि यज्ञ के यजमान के रूप में मुकेश पलोड ने भूमिका निभाई। आयोजन में मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक दामोदर अग्रवाल, अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी सहित कई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

## QUICK BITES

# बाल सुलभ चंचलता पर गुरुदेव की करुणामयी मुस्कान, जुड़वा बच्चों को मिला आशीर्वाद

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



'एक ओर बालपन की निश्छल उछाल, तो दूसरी ओर दिगम्बरत्व की शांत यथाजात मुद्रा' ऐसा भावपूर्ण दृश्य उस समय देखने को मिला जब बिजोलिया के नन्हे जुड़वा भक्त निवेश एवं निविशा पटवारी ने अपने गुरुदेव मुनि सुधासागर महाराज के प्रथम दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

बच्चों की मासूम चंचलता और गुरुदेव की करुणामयी मुस्कान ने वहां उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बच्चों के पिता प्रदीप पटवारी ने बताया कि गुरुदेव लगभग 20 मिनट तक बच्चों को निहारते रहे और स्नेहपूर्वक मुस्कुराते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।

इन दिनों मुगावली में विराजमान गुरुदेव के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि आगामी दिनों में उनका विहार गुना की ओर होने की संभावना है।

# राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ ने सोमवार को तहसीलदार ललित डीडवानिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आरजीएचएस योजना को सुचारू रखने, जीपीएफ, राज्य बीमा, ऋण एवं लीव इनकैशमेंट की राशि का समय पर भुगतान करने सहित विभिन्न मांगें उठाई। ज्ञापन में तहसीलदारों के रिक्त पद भरने, उपखंड कार्यालयों में पद बढ़ाने तथा लंबित पदस्थापन आदेश जारी करने की मांग भी की गई। महासंघ ने चेतावनी दी कि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ सहायक गोविंद, कनिष्ठ सहायक यामिनी सोनी, सुभाष चंद्र सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रतापनगर थाना क्षेत्र से युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, परिवार चिंतित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। चपरासी कॉलोनी निवासी सरस्वती सांसी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अपने पति रवि सांसी की गुमशुदगी दर्ज कर जल्द तलाश करने की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में बताया गया है रवि सांसी 14 मई 2026 को दोपहर करीब 12 बजे अपने लोडिंग टेम्पो के साथ रोजाना की तरह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे। उन्होंने परिवार को बताया था कि वे बनास डेयरी क्षेत्र की ओर जा रहे हैं और शाम तक लौट आएंगे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं पहुंचे। इसके बाद उनका मोबाइल फोन भी बंद आने लगा।

परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया। परिवार ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस प्रशासन से जल्द गुमशुदगी दर्ज कर रवि सांसी एवं उनके वाहन की तलाश करने की मांग की है।

# राष्ट्रीय संगीत प्रतियोगिता में चमका भीलवाड़ा का सितारा : मास्टर औनिक जैन ने जीता प्रथम स्थान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




भीलवाड़ा के वकील कॉलोनी निवासी पंकज जैन के पुत्र मास्टर औनिक जैन ने राष्ट्रीय संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। जेटो नॉर्थ दिल्ली चैप्टर द्वारा आयोजित 'आगाज़ 4.0' राष्ट्रीय संगीत प्रतियोगिता में औनिक जैन ने अपनी उत्कृष्ट गायन प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

मनीष बम्ब ने बताया की यह प्रतियोगिता देशभर के 15 शहरों में विभिन्न चरणों में आयोजित की गई, जिसमें लगभग 3000 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मास्टर औनिक जैन ने प्रारंभिक चयन चरण से लेकर अंतिम चरण तक अपनी मधुर एवं प्रभावशाली गायिकी से निर्णायकों और श्रोताओं का मन मोह लिया तथा यह महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में देश के पार्श्व गायक पद्मश्री कुमार शानू, सुप्रसिद्ध गायिका साधना सरगम, गायिका तुलसी कुमार एवं संजय विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मास्टर औनिक जैन पिछले कई वर्षों से शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में वे भीलवाड़ा स्थित ब्रिट्टी स्कूल में कक्षा सातवीं के विद्यार्थी हैं। साथ ही वे नोएडा स्थित टी-सीरीज़ अकादमी से भी संगीत शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

औनिक इससे पूर्व भी अनेक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय जगत गुरुदेव सुधा सागर महाराज के आशीर्वाद, अपने संगीत गुरु विद्या शंकर किन्नरिया एवं टी-सीरीज़ अकादमी के गुरुजनों को दिया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मास्टर औनिक जैन को स्वर्ण ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं एक लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई।

मास्टर औनिक जैन की इस शानदार उपलब्धि पर पूरे भीलवाड़ा में हर्ष का वातावरण है तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा उन्हें शुभकामनाएँ दी जा रही हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।